हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 दिसंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 17 .5 डिग्री
न्यूनतम 8 .9 डिग्री

14 स्वामी श्रद्धानन्द शुद्धि आन्दोलन के प्रणेता थे : आचार्य विजयपाल



14 हिसार का विकास ही मेरी प्राथमिकता : सावित्री जिन्दल



## खबर संक्षेप

### एसडीएम ज्योति मित्तल ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**हिसार।** समाधान शिविर के दौरान सोमवार को एसडीएम ज्योति मित्तल ने आम नागरिकों की विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों को सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और इसकी रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत की जाए। समाधान शिविर में ग्राम पंचायत मलापुर द्वारा नए जलघर के निर्माण के चलते पानी के पानी की सप्लाई बाधित होने की शिकायत तथा गांव भाटला के जलघर के पानी के टैंक की सफाई व मरम्मत की मांग पर पर एसडीएम ज्योति मित्तल ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसई को मामले की जांच कर आगामी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### सिवानी में कष्ट निवारण श्री श्याम निशान यात्रा आज

**सिवानी मंडी।** श्याम ताली संकीर्तन मंडल की ओर से कष्ट निवारण श्री श्याम निशान यात्रा मंगलवार की सुबह निकाली जाएगी। निशान यात्रा श्री राम मंदिर अनाज मंडी से शहर के मुख्य बाजार में परिक्रमा करने के बाद अग्रसेन भवन तक पहुंचेगी। यह जानकारी देते हुए मंडल के प्रधान अशोक मित्तल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी कष्ट निवारण श्री श्याम निशान यात्रा निकल जाएगी जिसमें शहर के सैकड़ों धर्मप्रेमी भाग लेंगे। निशान यात्रा में पहुंचे श्रद्धालुओं को बाबा का प्रसाद व खजाना भी वितरित किया जाएगा।

### संयुक्त कार्यालय परिसर में समाधान शिविर लगाया

**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर में एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में नागरिकों द्वारा कुल 19 जन समस्याएं प्रस्तुत की गईं। एसडीएम राजेश खोथ ने शिविर में उपस्थित प्रत्येक नागरिक की समस्या को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। ज्यादातर समस्याएं परिवार पहचान पत्र में इनकम कम करवाने, राशन कार्ड बनवाने इत्यादि को लेकर रखी गई।

### चिकित्सा शिविर में 625 रोगियों का निरीक्षण

**हिसार।** समृद्ध भारत परिषद द्वारा जहाज पुल स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान विकास लाहौरिया ने बताया कि शिविर में शहर के प्रमुख डॉक्टरों द्वारा 625 रोगियों का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा शुगर व नसों की जांच भी की गई। सचिव डॉ. अजीत कुमार व कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल बंसल ने बताया कि शिविर के दौरान 15 विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए गोद लिया गया। इस अवसर पर विजय अग्रवाल, राजेश गुप्ता, तरुण मेहता, संजीव शर्मा आदि रहे।

## निगमायुक्त ने निरीक्षण एमआरएफ सेंटर में नियमित सफाई व कचरा उठान के आदेश

# एमआरएफ सेंटर में नहीं मिली नियमित सफाई और न मिला कचरे का सही प्रबंधन

किसी भी स्थिति में कचरे को लंबे समय तक एकत्रित नहीं करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

निगमायुक्त नीरज ने सोमवार को सातरोड स्थित एमआरएफ (मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान निगमायुक्त ने सेंटर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निगमायुक्त ने पाया कि एमआरएफ सेंटर में नियमित रूप से सफाई नहीं हो रही थी और कचरे का सही ढंग से प्रबंधन नहीं किया जा रहा था। इस पर उन्होंने संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि सेंटर में प्रतिदिन अनिवार्य रूप से सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एमआरएफ सेंटर से रोजाना कचरे का उठान होना चाहिए और किसी भी स्थिति में कचरे को लंबे समय तक एकत्रित न किया जाए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि एजेंसी के सभी वाहनों में कचरा पहले से सेग्रिगेट होकर आना चाहिए, ताकि कचरे के निस्तारण में किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही, कचरा संग्रहण और उठान से संबंधित पूरी रिपोर्ट नियमित रूप से भेजी जाए। निगमायुक्त नीरज ने एजेंसी के वाहनों की कार्यप्रणाली पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि एजेंसी के सभी वाहन निर्धारित रूट पर ही चलें और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते। इसके लिए नियमित निगरानी करने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह, एएसआई कपिल तथा वी वाइस लैब्स प्राइवेट लिमिटेड एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



हिसार। निरीक्षण के दौरान दिशा-निर्देश देते निगमायुक्त नीरज।



हिसार। क्षेत्रवासियों से बातचीत करते अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल।

## अतिरिक्त आयुक्त ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्वच्छता के कार्यों का किया निरीक्षण

- कॉलोनी वासियों द्वारा 80 प्रतिशत कचरा किया जा रहा है सेग्रीगेशन
- क्षेत्रवासियों ने अतिरिक्त आयुक्त चेतल को 100 फीसद सेग्रीगेशन का दिलाया भरोसा

**हिसार।** नगर निगम द्वारा स्वच्छता से संबंधित कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार स्वच्छता अभियानों की नियमित निगरानी अधिकारियों द्वारा की जा रही है, ताकि जमीनी स्तर पर कार्यों की समीक्षा हो सके। इसी कड़ी में सोमवार को अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने सिरसा रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने क्षेत्र में चल रहे डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण में यह पाया गया कि कॉलोनी के लगभग 80 प्रतिशत घरों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग वाहनों में एकत्र किया जा रहा है, जो स्वच्छता की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। कॉलोनीवासियों ने अधिकारियों को बताया कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की गाड़ियां नियमित रूप से और समय पर पहुंच रही हैं। उन्होंने ड्राइवरों और हेल्परों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि वे पूरी जिम्मेदारी और मेहनत के साथ अपना दायित्व निभा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम को भरोसा जताया कि भविष्य में शत-प्रतिशत कचरा पृथक्करण सुनिश्चित करते हुए ही कचरा वाहनों में डाला जाएगा, जिससे स्वच्छता व्यवस्था मजबूत हो सके।



हिसार। मौके का निरीक्षण करते मेयर प्रवीण पोपली। फोटो : हरिभूमि

## लोगों ने नई लाइन के साइज पर उठाया सवाल

# दुर्गा कॉलोनी में नई सीवरेज लाइन डालने का मेयर ने लिया जायजा

- मेयर ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को किया तलब, मांगी रिपोर्ट
- मेयर ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अर्बन एस्टेट व साथ लगती दुर्गा कॉलोनी में इन दिनों नई सीवरेज लाइन डालने का कार्य जारी है। इसी बीच दुर्गा कॉलोनीवासियों ने सीवरेज लाइन का साइज बढ़ाने की मांग की। कॉलोनीवासियों की मांग पर मेयर प्रवीण पोपली स्वयं अर्बन एस्टेट चौकी के पास मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। कॉलोनीवासियों ने मांग की कि जो नई सीवरेज लाइन डाली जा रही है, उसका साइज बढ़ी जनसंख्या के जरूरत के मुताबिक नहीं है। पाइपलाइन का साइज कम होने के कारण भविष्य में निकासी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। लोगों ने मांग की कि पाइपलाइन का साइज बढ़ाया जाए, जिसमें कॉलोनी की गलियों में 12 इंची और अर्बन एस्टेट को मिलाने वाली लाईन 16 इंची डाली जाए ताकि पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके। कॉलोनीवासियों की बात सुनते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने तुरंत जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पाइपलाइन के साइज, तकनीकी मानकों और क्षेत्र की आबादी को ध्यान में रखते हुए पूरे मामले की जांच की जाए। मेयर ने स्पष्ट कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं से किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### लोगों की जानी समस्याएं

इस दौरान मेयर प्रवीण पोपली ने कॉलोनीवासियों की अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान पार्षद संजय डालमिया, भाजपा युवा सचिव कुलदीप दुग्गल, एसडीओ संजय दुहन, राजू प्रधान डीसी कॉलोनी मार्केट, दिनेश बिश्नोई, सज्जन प्रधान, नवीन कुमार सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

# एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर स्थापित होने से ओद्योगिक विकास को मिलेगी तेजी

- एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर के लिए लगभग 2988 एकड़ भूमि चिन्हित
- पहले चरण में 1605 एकड़ भूमि को किया जाएगा विकसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा के समीप सरकार द्वारा एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर स्थापित किए जाने की कार्य योजना के संबंध में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सोमवार को पर्यावरणीय जनसुनवाई की गई। उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में आयोजित पर्यावरणीय जनसुनवाई के दौरान एनवायरमेंट असेसमेंट इंपैक्ट सहित अन्य मुद्दों पर आमजन के आपत्ति, सुझाव लिए गए और उनके सवालों के उत्तर दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि सिविल एविएशन विभाग द्वारा वर्तमान के औद्योगिक क्षेत्र में विस्तार किया जाना है। एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर स्थापित किए जाने का लक्ष्य औद्योगिक विकास की गति को तेज करने के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करना है।



हिसार। उपायुक्त महेंद्र पाल जनसुनवाई के दौरान परियोजना के संदर्भ में चर्चा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 1605 एकड़ भूमि की जाएगी विकसित

एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर के लिए लगभग 2988 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। पहले चरण में 1605 एकड़ भूमि को विकसित किया जाएगा। एनआईसीडीसी हरियाणा आईएमसी हिसार प्रोजेक्ट लिमिटेड केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार का ज्वाइंट वेंचर है, जो एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर को विकसित करने के लिए है और अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे का हिस्सा है। इस अवसर पर डीएफओ रोहताश बिरथल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से शक्ति सिंह, प्रबंधक कंवलजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### हिन्दू शक्ति संगम 25 को क्रांतिमान पार्क में

**हिसार।** क्रांतिमान पार्क में 25 दिसंबर को हिसार में एक विराट हिन्दू शक्ति संगम का आयोजन किया जाएगा। इसमें बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापति विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए जिले के प्रत्येक मोहल्ले और ग्राम से कार्यकर्ताओं द्वारा सम्पर्क साधा जा रहा है। विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री संदीप बंसल ने बताया कि बलिदानी सप्ताह के उपलक्ष्य में हिसार जिले का अब तक का सबसे बड़ा हिन्दू एकत्रीकरण क्रांतिमान पार्क में होगा। कार्यक्रम में बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक के अलावा विश्व हिंदू परिषद हरियाणा के प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम क्रान्ति और बजरंग दल के प्रांत संयोजक हरीश रामकली भी उपस्थित रहेंगे। जिला मंत्री ने बताया कि विभाग संगठन मंत्री प्रवीण कुमार और प्रो. दीपक कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहे इस भव्य व ऐतिहासिक कार्यक्रम के संयोजक की भूमिका अमर चौधरी निर्वहन कर रहे हैं।

- बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापति आएंगे

# किसान आंदोलन के केस में दो किसान नेता बरी, दो भगोड़े घोषित

- करीब आठ साल पहले राजली गांव के बस स्टैंड के समीप मुख्य मार्ग को किया था जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

किसान आंदोलन के दौरान राजली गांव के बस स्टैंड पर मुख्य मार्ग जाम करने के आरोप में करीब आठ साल पहले किसानों पर दर्ज किए गए एक केस में न्यायिक दंडाधिकारी सुनील कुमार की अदालत ने दो किसान नेताओं राजली गांव निवासी कृष्ण और गुराना गांव निवासी धर्मबीर उर्फ भीरा को बरी कर दिया है। इस मामले में दो किसान नेताओं मिर्चपुर गांव निवासी प्रदीप प्रधान और मिलकपुर गांव निवासी रणधीर को अदालत ने भगोड़ा घोषित किया हुआ है। इस बारे में बरवाला थाना ने 21 जून, 2017 को हवलदार जयदीप सिंह की शिकायत पर किसान संघर्ष समिति के सदस्यों मिर्चपुर गांव निवासी प्रदीप प्रधान, राजली गांव निवासी कृष्ण, मिलकपुर गांव निवासी रणधीर और गुराना गांव निवासी भीरा और 35-40 अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 149, 283 और 341 के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस को दी शिकायत में हवलदार ने बताया था कि वह अन्य पुलिस कर्मिचारियों के साथ कानून व्यवस्था की ड्यूटी पर राजली बस स्टैंड पर मौजूद था कि किसान संघर्ष समिति के सदस्यों मिर्चपुर गांव निवासी प्रदीप प्रधान, राजली गांव निवासी कृष्ण, मिलकपुर गांव निवासी रणधीर और गुराना गांव निवासी भीरा और 35-40 अन्य ने मुख्य मार्ग पर जाम लगाया हुआ था। जाम के कारण आने-जाने वाले व्यक्तियों व वाहनों को आवागमन में बाधा हो रही थी और आजमन परेशानी का सामना कर रहे थे। जांच के दौरान पुलिस ने प्रदीप प्रधान, रणधीर, भीरा और कृष्ण के खिलाफ अदालत में चालान दिए।

### नहीं हुई पहचान

आरोपियों को पहचान नहीं पाया जांच अधिकारीः नवीन राजली बचाव पक्ष के अधिवक्ता नवीन राजली ने बताया कि इस मामले में गवाही के दौरान जांच अधिकारी आरोपियों की ना तो सही पहचान कर पाया और और पुलिस का एक गवाह अपनी गवाही से मुकर गया। इसी आधार पर अदालत ने दोनों किसान नेताओं को बरी कर दिया।

### गोली मारकर मां की हत्या करने वाले बेटे को उम्रकैद, 12 हजार जुर्माना

**हिसार।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश निशांत शर्मा की अदालत ने मां की गोली मारकर हत्या करने के दोषी बेटे को उम्र कैद सुनाई है। अदालत ने सोमवार को सुनाए अपने फैसले में दोषी पर 12 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। अदालत में चले मामले के अनुसार यह घटना 5 जून 2024 को जिले के आदमपुर कस्बे के जवाहर नगर में हुई। जवाहर नगर निवासी बेटे कमल ने चाल चलन पर शक के चलते अपनी मां की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आदमपुर पुलिस ने आरोपी कमल की पत्नी संतोष देवी के बयान पर हत्या का मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता संतोष देवी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी करीब चार महीने पहले जवाहर नगर निवासी कमल से हुई थी। उसकी सास रोशनी देवी के दो बेटे और दो बेटियां थीं, जबकि एक बेटे रूपेश उर्फ भक्कलू को उन्होंने गोद लिया हुआ था। संतोष अपने पति कमल के साथ किराए के मकान में रहती थी जबकि सास रोशनी देवी अलग रहती थीं।

- चाल चलन पर शक के चलते कर दी थी मां की हत्या

# अदालत की दीवार फांदकर भागा चोरी का आरोपी नरवाना से धरा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अदालत की दीवार फांदकर फरार हुए चोरी के आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस ने उसे सूचना के आधार पर नरवाना रेलवे स्टेशन से पकड़ा, जब वह कहीं जाने की फिराक में था। पकड़े गए आरोपी को मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार बरवाला थाना में चोरी के मामले में पकड़े गए गैबीपुर निवासी विशाल के फरार होने के बाद विभिन्न टीमें लगातार दौड़ धूप कर रही थी। इसी दौरान बरवाला पुलिस को सूचना मिली कि उक्त आरोपी विशाल नरवाना में रेलवे स्टेशन पर है और कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के बाद बरवाला पुलिस की टीम तुरंत हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर आरोपी विशाल को दबोच लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है कि उसका भागने का क्या मकसद था और वह कहां कहां गया। आरोपी को मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

- पुलिस आज पेश करेगी आरोपी को अदालत में

### चार दिन पहले फरार हुआ था आरोपी

मामले के अनुसार बरवाला पुलिस द्वारा चोरी के मामले में पकड़े गए गैबीपुर निवासी विशाल को गत शुक्रवार को अदालत में पेश करने के लिए लाया गया। अचानक वह पुलिस की आंखों में धूल झोंककर अदालत की दीवार फांदकर फरार हो गया। आरोपी ने अदालत के गेट से भागने की बजाय लगभग 10 फुट ऊंची दीवार से छलांग लगाई और फरार हो गया।

### पुलिस टीमें हुई अलर्ट

आरोपी के फरार होने की सूचना के बाद पुलिस की विभिन्न टीमों को अलर्ट किया गया। सीआईए-1 पुलिस टीम को पूरे मामले की जांच सौंपी गई थी। अब सीआइए भी अपनी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को देगी।

## सफलता डॉ. अनिका मलिक धुंधवाल के शोध कार्य को भारत सरकार का कॉपीराइट मिला

# हरियाणा की डेयरी उत्पादन प्रणालियों की स्थिरता पर लुवास की बड़ी उपलब्धि

उपलब्धि पर कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने टीम को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सतत डेयरी विकास को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय ने एक और उल्लेखनीय शैक्षणिक उपलब्धि अपने नाम की है। विश्वविद्यालय को भारत सरकार के कॉपीराइट कार्यालय द्वारा वैज्ञानिक शोध कार्य 'हरियाणा की डेयरी उत्पादन प्रणालियों के लिए स्थिरता मूल्यांकन संकेतकों का विकास' के लिए कॉपीराइट पंजीकरण प्रदान किया गया है, जो डेयरी क्षेत्र में स्थायी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है। यह अभिनव शोध कार्य लुवास की सहायक प्रोफेसर डॉ. अनिका मलिक धुंधवाल द्वारा अपने पीएचडी शोध के अंतर्गत सम्पन्न किया गया, जो डॉ. गौतम, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विस्तार शिक्षा विभाग, लुवास के कुशल मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। इस शोध अध्ययन में हरियाणा की डेयरी उत्पादन प्रणालियों का पर्यावरणीय, आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से वैज्ञानिक मूल्यांकन किया गया है तथा इनके लिए उपयोगी एवं व्यवहारिक स्थिरता संकेतकों का विकास किया गया है।



हिसार। डॉ. अनिता मलिक को सम्मानित करते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा एवं अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### डेयरी शोध उपलब्धि पर सराहना

शोध के अंतर्गत विकसित किए गए ये स्थिरता मूल्यांकन संकेतक शोधकर्ताओं, नीति-निर्माताओं, विस्तार विशेषज्ञों, योजनाकारों तथा विकास एजेंसियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने शोध टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पशु चिकित्सा एवं पशुपालन के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है तथा यह लुवास की अनुसंधान उत्कृष्टता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शोध कार्य राज्य एवं देश में डेयरी क्षेत्र की नीतियों को मजबूत आधार प्रदान करते हैं। पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज ने शोध प्रयासों की सराहना की। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. सोनिया सिंधु ने डॉ. अनिका मलिक धुंधवाल एवं डॉ. गौतम को बधाई दी।

हरिभूमि

# सहेली

क्रिसमस स्पेशल



आज समाज, परिवार में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं, लोग दुख-संताप का जीवन जी रहे हैं, ऐसे में प्रभु यीशु के संदेश बहुत मायने रखते हैं। उन्होंने सभी को एक-दूसरे से प्रेम करने का संदेश दिया ताकि समाज में मानवीय भाव बना रहे। क्रिसमस, यीशु के जन्मोत्सव और उनके दिव्य संदेशों को आत्मसात करने का ही पर्व है।

## प्रभु ईसा मसीह का संदेश बना रहे प्रेम-करुणा का भाव

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

सबका भला चाहने की सरोकारी सोच ही सच्ची संवेदनाओं को पोसती है। क्रिसमस का पर्व ईसा मसीह के ऐसे ही भावपूर्ण संदेशों की याद दिलाता है। यह त्योहार अपनों से लेकर आस-पड़ोस तक, हर जगह करुणा, प्रेम और सकारात्मक जीवन जीने की राह दिखाता है। बिखरते परिवारों और उलझाऊ होती सामाजिक जिंदगी के इस दौर में साथ, संवेदनाएं और सहानुभूति के इमोशंस हर जगह जरूरी हैं। इन भावनाओं का आधार ना केवल बेहतर ढंग से जीने की बुनियाद बनता है बल्कि जीवन की सार्थकता भी समझाता है। यही वजह है कि प्रभु यीशु के विचार, भाव और सुझाव सबके जीवन को सहज बनाने का मार्ग दिखाते हैं।

### सेवा-सम्मान की सोच

हमारी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था आपसी समझ और एक-दूजे की सेवा-सहायता के बिना नहीं चल सकती। ना ही सम्मानजनक परिवेश बनाए बिना स्थितियां सहज रह सकती हैं। ऐसे में प्रभु यीशु के विचार सदा प्रासंगिक हैं। खासकर सेवा और सम्मान का आधार बनाने वाला दया का भाव, उनकी दी हर सीख में शामिल है। करुणा का यह भाव ही इंसानों को सेवाभावी बनाता है। अपनों ही नहीं, परायों की भी पीड़ा समझने और उसे दूर करने में मदद करने की संवेदनाएं जगाता है। प्रभु यीशु का संदेश 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। खुद को सहेजते हुए आगे बढ़ना, स्वयं से जुड़कर दूसरों का साथ पाना और खुद की संभाल करते हुए सबका संबल बनना ही तो मानवीय सोच का सबसे सुंदर पहलू है। यही सोच परिवार से लेकर समाज तक, हर जगह सेवाभाव को बढ़ावा देती है। इसी विचार से अपने देश के नागरिकों के साथ अपनेपन भरे जुड़ाव को बल मिलता है। असल में देखा जाए तो सेवाभाव हमें प्रकृति के हर जीव से जोड़ता है। मदद का मानस हो तो हर इंसान छोटी-छोटी सहायता के रूप में कुछ ना कुछ करने की राह निकाल ही लेता है। दूसरों की सेवा करते हुए इंसान स्वयं अपने आप को भी संवार रहा होता है। सच्ची करुणा के साथ किया गया हर काम और बोला गया हर शब्द





सहज रूप से हमारे मन-जीवन में भी सकारात्मकता को पोसता है। प्रभु यीशु ने भी सदा गरीब और कमजोर लोगों के लिए करुणा और सहायता का भाव रखा। हम सभी को ईसा मसीह की इस सीख को याद रखना चाहिए, जीवन में अपनाना चाहिए।

### न्यायसंगत व्यवस्था का समर्थन

ईसा मसीह मानवीय मूल्यों को सहेजने के पक्षधर थे। उनकी शिक्षाओं में सभी के लिए न्यायसंगत व्यवस्था बनाने को अहमियत दी गई है। इसके लिए उन्होंने सभी को नैतिक रूप से सबल बनने की सीख दी। असल में नैतिक व्यवहार ही जिंदगी के हर मोर्चे पर न्याय की स्थापना कर सकता है। नैतिकता का भाव सिखाता है कि स्वार्थ साधने के बजाय दूसरों की तकलीफों को समझा जाए। हर हाल में किसी के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाया जाए। यीशु का यह भी कहना था कि 'जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो वैसा व्यवहार उनसे करो।' यह विचार सचमुच महत्वपूर्ण है। किसी एक व्यक्ति का अच्छा व्यवहार किसी दूसरे इंसान के नकारात्मक व्यवहार को भी बदलने की ताकत रखता है। यही पॉजिटिविटी रिश्तों को भी साधने का काम करती है। इसीलिए स्वयं अपने बर्ताव के नेगेटिव रुख को समझना भी आवश्यक है। यीशु का यही कहना है कि यह सकारात्मक बदलाव खुद हमारी ओर से हो। यानी, जैसा व्यवहार हम औरों से चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार हम खुद भी दूसरों के लिए अपनाएं।

### आत्मीयता भरा जुड़ाव

प्रभु यीशु मन से इंसानी भावों को पोसने का संदेश देते हैं। जीवन को सरल बनाने वाले उनके विचार आज के समय में और जरूरी हो चले हैं। हर ओर दिखती स्वार्थपरक सोच और फरेब के खेल में निश्छलता कहीं खो गई है। अपनों के साथ भी जालसाजी की घटनाएं हो रही हैं। सगे-संबंधियों में भी आत्मीयता नहीं बची है। आस-पड़ोस का मेलजोल छीजता दिखता है। कहीं जान-बूझकर तो कहीं अनजाने में दूसरों को पीड़ा पहुंचाई जा रही है। जबकि ईसा मसीह का संदेश 'तुम्हें अपने पड़ोसी से भी स्वयं जैसा ही प्रेम करना चाहिए।' आज की बिखरती सामाजिक व्यवस्था में यह बहुत आवश्यक सूत्र सा लगता है। आस-पड़ोस के लोगों से प्रेम करना हमें एक-दूजे के सुख-दुःख में भागीदार बनाता है। साथ और सुरक्षा का भरोसा जगाता है। जाने-अनजाने कोई भूल हो जाने पर उसे सुधारने का भाव इस आपसी विश्वास को और पुख्ता बना सकता है। यीशु ने भी गलती हो जाने पर पश्चाताप करने का मार्ग सुझाया है। उनका कहना था 'जो गलत हुआ है, उसे स्वीकारें और फिर गलत से हमेशा के लिए दूर रहें।' यह स्वीकार्यता और सकारात्मक सोच ही हमारे मन में प्रेम भाव को कायम रख सकती है।

## क्रिसमस के लिए होम डेकोर आइडियाज

अगर आप क्रिसमस पार्टी प्लान कर रही हैं तो जरूर चाहेंगी कि इस मौके पर आपके घर के डेकोरेशन में भी इस फेस्टिवल की फील आए। हम आपको कुछ ऐसे ईजी और यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिनसे आपका होम डेकोर हो जाएगा, क्रिसमस पार्टी के लिए रेडी।

डेकोरेशन

निकिता चौहान



हर फेस्टिवल के हिसाब से घर को सजाना एक आर्ट होता है। जरूरी नहीं कि इसके लिए काफी पैसे खर्च किए जाएं, कुछ आइडियाज से आप अपने घर को क्रिसमस पार्टी के लिए डेकोरेट कर सकती हैं।

**फेयरी लाइट्स लगाएं:** घर में क्रिसमस का फील लाने के लिए सबसे पहले आप अच्छी लाइटिंग करें। क्रिसमस डेकोरेशन को ब्राइट टच देने के लिए आप फेयरी लाइटिंग करवा सकती हैं। इसे आप अपने घर के लिविंग रूम, ड्राइंग रूम और बेडरूम हर जगह लगा सकती हैं। फेयरी लाइट्स में आपको मार्केट में कई तरीके के स्टाइल्स और डिजाइंस मिल जाएंगे। लेकिन क्रिसमस के मौके के अनुसार आप स्टार्स वाली लाइटिंग लगवाएं तो ज्यादा सुटेबल रहेगा।

**क्रिसमस ट्री:** क्रिसमस ट्री के बिना क्रिसमस डेकोरेशन पूरा नहीं हो सकता है। इसलिए आप घर के किसी एक कोने में क्रिसमस ट्री को सजा सकती हैं। सबसे अच्छा तो यह होगा कि इसे आप पार्टी वाले हॉल या टेरेस में एक कोने पर रखें। इस क्रिसमस ट्री को डिजाइनर लाइट्स के अलावा ब्राइट बॉल्स, डॉल्स, स्टार्स, ब्राइट पेपर, स्ट्रिप्स जैसी डिफरेंट डेकोरेटिव चीजों से डेकोरेट कर सकती हैं। इससे यह और भी अट्रैक्टिव लगेगा। क्रिसमस ट्री, आपके क्रिसमस डेकोरेशन का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बन सकता है।




**सॉक्स को हैंग करें:** क्रिसमस के मौके पर डेकोरेशन में सॉक्स को लटकाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि क्रिसमस के दिन अगर सॉक्स के अंदर अपनी विश लिखकर लटका दी जाए तो सांता क्लॉज इन्हें देखकर आपकी विश जरूर पूरा करते हैं। ऐसे में आप अपने होम डेकोर में रेड कलर के सांता क्लॉज वाली सॉक्स लटका सकती हैं। आपको सांता क्लॉज वाले रेड कोजी सॉक्स आसानी से बाजार में मिल जाएंगे। आप इसे घर की सीढ़िया की दीवार पर या बालकनी के बैकग्राउंड स्पेस में कहीं भी लगा सकती हैं।



**पिलो-कुशन कवर:** क्रिसमस डे के लिए घर को डेकोरेट करते समय आप क्रिसमस इंस्पायर्ड पिलो कवर और कुशन कवर्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। क्रिसमस थीम वाले कवर चुनना सबसे सही रहेगा, जैसे कि लाल और सफेद रंग में बने बारहसिंगे की प्रिंटिंग वाले या देवदार के शंकु आदि के चित्र वाले कवर पिलो और कुशन पर लगा सकती हैं। इनसे आपके घर को कंप्लीट क्रिसमस लुक मिलेगा।

**थीम बेस्ड कैंडल:** क्रिसमस के मौके पर कैंडल डेकोरेशन का भी काफी ट्रेंड है। होम डेकोर के लिए आप क्रिसमस थीम बेस्ड कैंडल ले सकती हैं। ये आपको आसानी से ओपेन मार्केट और ऑनलाइन मिल जाएंगी। आप इन्हें डाइनिंग टेबल, बेडरूम, लिविंग रूम और स्पेशली पार्टी हॉल में अरेंज कर सकती हैं।

**इन कलर्स का ध्यान रखें:** क्रिसमस डेकोरेशन करते समय कलर्स का चयन खूब सोचकर करना चाहिए। जब भी आप घर को सजाएं तो लाल, सफेद और हरे रंग के कलर का इस्तेमाल जरूर करें। इन कलर्स की डेकोरेशन की बड़ी चीजें ही नहीं छोटी चीजों में भी इन्हीं कलर का इस्तेमाल करने से आपका डेकोरेशन आसानी से क्रिसमस के लिए परफेक्ट हो जाएगा।

इस तरह आपका घर क्रिसमस पार्टी के लिए हो जाएगा पूरी तरह डेकोरट।

---

बच्चे और आप

नम्रता नदीम

दादा-दादी को बच्चों का साथ सुहाता तो है ही, बच्चों को भी उनका साथ खूब भाता है। बच्चों को उनका एक भावनात्मक संबल मिलता है, दादा-दादी का भी उनके साथ बहुत अच्छा समय बीतता है। साथ ही बच्चों को अपने दादा-दादी से अच्छी शिक्षा मिलती है, वे संस्कारवान बनते हैं।

## दादा-दादी और बच्चे खूब भाता है एक-दूसरे का साथ



पंद्रह साल का विशाल अपने दादा-दादी के साथ बहुत खुश रहता है। जब उसे हॉस्टल भेजा जाने लगा तो उसने अपने मम्मी-पापा से साफ कह दिया कि वह दादा-दादी के बिना हॉस्टल नहीं जाएगा, क्योंकि हॉस्टल में उसे दादा-दादी की बहुत ज्यादा याद आएगी। अंततः हारकर विशाल के मम्मी-पापा ने उसे घर में रहकर पढ़ाना तय किया ताकि वह अपने दादा-दादी के साथ रह सके। इसी तरह एक और उदाहरण, रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी रघुवीर कुमार का अपनी पोती से बहुत ही भावनात्मक रिश्ता है। वह कहते हैं, 'जब मैं एक-दो महीने उसके पास रहकर आता हूं, तो लौटने के बाद मुझे अपनी पोती की बहुत याद आती है। बार-बार यही मन होता है कि फिर से उसके पास चला जाऊं।' यही वजह है रघुवीर दो-तीन दिन में अपनी पोती से फोन पर जरूर बात करते हैं। अगर कभी वह फोन नहीं कर पाते तो उनकी पोती का ही फोन आ जाता है।



**दादा-दादी से बच्चों का गहरा भावनात्मक रिश्ता:** ऊपर दिए दोनों उदाहरण इस बात की पुष्टि करते हैं कि हमारा घर-परिवार दादा-दादी के बिना कभी भावनात्मक रूप से पूर्ण नहीं होता, क्योंकि उनकी कमी हमेशा खटकती है। लेकिन जॉब की मजबूरियों के चलते हाल के दशकों में संयुक्त परिवार बहुत तेजी से विघटित हुए हैं। दादी-दादा को अपने बेटों के परिवार से दूर रहना पड़ता है। इस अलगाव के बावजूद दादा-दादियों और पोते-पोतियों के बीच लगाव बना रहता है। यही वजह है कि अकसर बच्चे अपने दादा-दादी से मिलने की इच्छा रखते हैं। साठ वर्षीया रामकुमारी भावुक स्वर में कहती हैं, 'भले ही मेरे बेटे और पोता-पोती मुझसे दूर रहते हैं, लेकिन दूरी से मेरी ममता में कोई कमी नहीं आई है बल्कि यह बढ़ गई है। मुझे जब भी मौका मिलता है, मैं अपने पोते और पोती को देखने चली जाती हूं। वे दोनों मुझे पाकर बहुत खुश होते हैं। जिन दिनों मैं उनके साथ रहती हूं, उन दिनों वे अपनी मम्मी-पापा से कहीं ज्यादा मेरे साथ समय बिताते हैं। इससे मेरा पूरा दिन कैसे कट जाता है, पता ही नहीं चलता।' जिन घरों में बच्चे, दादा-दादी के साथ रहते हैं, वहां ज्यादातर दादा-दादी बच्चों पर पूरा ध्यान रखते हैं। दिनभर बच्चों के साथ रहना, उन्हें कहानियां सुनाना, उन्हें बाजार ले जाना जैसे तमाम काम वे बच्चों के साथ मिल-जुलकर करते हैं। दादी-दादा बच्चों के साथ एकदम बच्चे बन जाते हैं। वे उनके साथ घुल-मिलकर खेलते हैं। इससे दोनों के बीच में भावनात्मक लगाव बढ़ता है। कुछ दादा-दादी बच्चों के खेलने-कूदने के साथ ही उन्हें अच्छे उपहार भी देते हैं। इससे उन्हें खुशी मिलती है और बच्चे भी बहुत खुश होते हैं।

**बुजुर्ग हैं बच्चों के भावनात्मक संबल:** बारह साल की अनुष्का के दादा-दादी नहीं हैं। उसे अपने नाना-नानी से बेहद प्यार है। उसकी नानी कुछ दिन आकर जब उनके साथ रहती हैं, तो उसे उन दिनों बहुत अच्छा लगता है। क्योंकि नानी उस पर अपना पूरा प्यार बरसाती हैं। उसे कई उपहार भी देती हैं। अनुष्का को दादा-दादी के बारे में ज्यादा कुछ याद नहीं है, लेकिन उसकी नानी से उसका गहरा लगाव है। आठ साल की मानसी की तो जान ही अपने दादा-दादी में बसती है। उसके दादा उसके साथ हर खेल खेलते हैं। वे उसे पढ़ाते हैं। आजकल वर्किंग कपल्स के पास इतना समय कहां होता है कि वे अपने बच्चों को ज्यादा समय दे सकें, उनके साथ भरपूर समय बिता सकें। ऐसे में बच्चों के लिए दादा-दादी उनके लिए एक बड़ा भावनात्मक संबल होते हैं।

---

## फॉलो करें ये मेकअप स्टेप्स मिलेगा ग्लैमरस पार्टी लुक

मेकअप

सरिता गुप्ता

जब मौका हो क्रिसमस पार्टी में शामिल होने का तो आप जरूर चाहेंगी कि आपका मेकअप लुक भी ग्लैमरस नजर आए। यहां आपको पार्टी स्पेशल मेकअप स्टेप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप मिनटों में ग्लैमरस पार्टी लुक पा सकती हैं।

**स्किन को तैयार करें:** सबसे पहले हल्के फेसवॉश से चेहरा साफ करें, ताकि सारी धूल और ऑयल हट जाए। इसके बाद टोनर लगाकर स्किन को रीफ्रेश करें। अब मॉयश्चराइजर लगाएं, जिससे स्किन में नमी बनी रहे। अगर आपकी स्किन ड्राय है, तो हाइड्रेटिंग सीरम का उपयोग करें। वहीं ऑयली स्किन के लिए जैल-बेस्ड मॉयश्चराइजर सही माना जाता है। इसके बाद प्राइमर लगाएं, ताकि आपके मेकअप का बेस स्मूद बने और स्किन पोर्स कम दिखें।



**फाउंडेशन-कंसीलर:** बेस मेकअप बिल्कुल नेचुरल और फ्लॉलेस होना चाहिए। अपनी स्किन टोन से मैच करता हुआ फाउंडेशन लें और स्पंज या ब्रश से अच्छी तरह इसे ब्लेंड करें। कंसीलर का इस्तेमाल आंखों के नीचे के डार्क सर्कल, पिंपल स्पॉट और पिगमेंटेशन पर करें। इसे हल्के से टैप करें। जरूरत हो तो लोअर फेस पर थोड़ा कॉन्टूरिंग कर सकती हैं। इससे चेहरा डिफाइंड-शार्प दिखता है।

**आई मेकअप:** आई मेकअप को थोड़ा बोल्ड और फेस्टिव स्टाइल में करें। गोल्ड, कॉपर, रेड या ग्रीन शेड्स क्रिसमस थीम के लिए परफेक्ट रहते हैं। सबसे पहले न्यूट्रल ब्राउन शेड से क्रीज पर हल्का बेस बनाएं। अब पलक पर गोल्ड या शिमरी रेड आईशैडो लगाएं। बाहरी कोने (आउटर कॉर्नर) पर डार्क ब्राउन या ब्लैक से डीप स्मोकी इफेक्ट दें। ताकि आंखें बड़ी और खूबसूरत दिखें। ग्लिटर लाइनर भी यूज कर सकती हैं।

**ब्लश-हाईलाइटर:** ब्लश आपके चेहरे में ताजगी और रंगत जोड़ता है। क्रिसमस पार्टी के लिए पिंक या पीच टोन का ब्लश लगाएं। इसे चीक बोंस पर हल्के हाथ से अपवर्ड डायरेक्शन में अप्लाई करें। इसके बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। नाक की टिप, चीकबोन और क्यूपिड बो पर हल्का हाईलाइटर लगाने से चेहरा ग्लो करता है।

**लिपस्टिक:** क्रिसमस लुक में रेड लिपस्टिक क्लासिक ऑप्शन है। अगर आप बोल्ड लिप्स पसंद करती हैं, तो रेड, मैरून या बेरी टोन चुनें। यदि आपका आई मेकअप पहले से ही बोल्ड है, तो लिप्स पर सॉफ्ट पिंक या न्यूड शेड भी बहुत खूबसूरत लगेगा।

**सेटिंग स्प्रे:** सारा मेकअप करने के बाद सेटिंग स्प्रे लगा लें। यह आपके मेकअप को लंबे समय तक स्मज होने से बचाता है और आपको देता है फ्रेश, ग्लैमरस पार्टी लुक।

**(मेकअप आर्टिस्ट आरती सिन्हा से बातचीत पर आधारित)**

---



## कई बच्चों को हो रही मायोपिया की समस्या

अनेक वजहों से आजकल कई बच्चे मायोपिया (कमजोर नजर) की समस्या से ग्रस्त होने लगे हैं। इसकी वजहों और लक्षणों के साथ इससे बचने के तरीके के बारे में भी यहां डिटेल में बता रहे हैं।

प्रिकॉशन

निकिता

चालीस-पचास की उम्र के बाद नजर कमजोर होना सामान्य है लेकिन चिंता की बात है कि आजकल अनेक बच्चे भी कमजोर नजर की समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं। बच्चों में होने वाली आंखों से जुड़ी समस्या मायोपिया में वह पास की वस्तुएं साफ देख पाता है, लेकिन दूर की चीजें धुंधली दिखाई देती हैं। समय पर ध्यान न देने से यह समस्या और बढ़ सकती है और आगे चलकर बच्चे की पढ़ाई, खेल-कूद और उसके व्यक्तित्व को भी प्रभावित कर सकती है।

**मायोपिया के कारण:** बच्चों में मायोपिया होने के कई कारण हो सकते हैं।

**लंबे समय तक स्क्रीन देखना:** मोबाइल, टीवी और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग आंखों पर दबाव डालता है।

**पढ़ाई या नजदीकी काम में ज्यादा समय:** लगातार किताब पढ़ना या लिखना भी मायोपिया को बढ़ावा देता है।

**प्राकृतिक रोशनी की कमी:** बच्चों का पर्याप्त समय धूप में न बिताना आंखों की सेहत पर असर डालता है।

**आनुवांशिक कारण:** अगर माता-पिता की नजर कमजोर है तो बच्चों में मायोपिया होने की आशंका अधिक रहती है।

**मायोपिया के लक्षण:** अगर आपके बच्चे को मायोपिया है तो उसे आप इन लक्षणों से पहचान सकती हैं।

- दूर की वस्तुएं धुंधली दिखना।
- टीवी या क्लास में ब्लैक बोर्ड पर लिखे हुए शब्दों को देखने में परेशानी होना।
- बार-बार आंखें मिचमिचाना।
- कुछ भी पढ़ते समय या लिखते समय सिरदर्द होना।
- किताब को बहुत पास से पढ़ना।



**बचाव के उपाय:** अपने बच्चे को मायोपिया से बचाने के लिए आप कुछ सुझावों पर अमल कर सकती हैं।

**स्क्रीन टाइम नियंत्रित करें:** छोटे बच्चों को टीवी देखने और मोबाइल चलाने का समय सीमित रखें।

**बच्चों को बाहर खेलने दें:** रोजाना कम से कम 1-2 घंटे प्राकृतिक रोशनी में बच्चे को समय बिताना जरूरी है।

**सही दूरी से पढ़ाई:** किताब और आंखों के बीच 30-40 सेमी. की दूरी बनाए रखें।

**संतुलित आहार:** हरी सब्जियां, फल, विटामिन और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर डाइट आंखों की सेहत के लिए लाभकारी है।

**नियमित नेत्र परीक्षण:** समय-समय पर आंखों की जांच करवाना चाहिए, ताकि शुरुआती अवस्था में समस्या पकड़ में आ सके।

**ना बरतें लापरवाही:** आज के दौर में बच्चो में मायोपिया एक आम स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है। लेकिन सही जीवनशैली और समय पर जांच से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। पैरेंट्स को चाहिए कि वे अपने बच्चों की आंखों की देखभाल में लापरवाही न बरतें और कोई भी लक्षण नजर आने पर तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लें।

**(फोर्टिस हॉस्पिटल, शालीमार बाग, दिल्ली के सीनियर डायरेक्टर, यूनिट हेड-पीडियाट्रिक्स डॉ. विवेक जैन से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने सुनी समस्याएं

**हिसार।** पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने भाजपा जिला कार्यालय में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में आम नागरिक, कार्यकर्ता व सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सड़क, पेंशन एवं प्रशासनिक विषयों से जुड़ी समस्याएं रखीं। इस अवसर पर विनोद तोषावड़, रामचन्द्र गुप्ता, सुरेश गोयल धूपवाला, सुरेंद्र सैनी, लोकेश असीजा, डॉ. सुमन यादव पार्षद, कृष्ण बिश्नोई, राजेंद्र सैनी पार्षद, बलबीर भुंबक, धर्म सिंह खटकड़, जयभगवान सहित अन्य भी थे।

### ताली कीर्तन व अर्जी संकीर्तन में उमड़े श्रद्धालु

**हिसार।** प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम के तत्वावधान में 15वें ताली कीर्तन एवं धाम पर अर्जी संकीर्तन का धूमधाम से आयोजन किया गया। ताली कीर्तन लाहौरिया चौक के पास स्थित मित्तल नगर में आयोजित किया गया। इन दोनों आयोजनों में भक्तों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और श्याम बाबा के दरबार के दर्शन किए। इस दौरान निज पुजारी विनय शर्मा व अन्य गायकों ने भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करके अभिभूत कर दिया। इस अवसर पर विनय शर्मा ने बताया

### जिला कार्यकारिणी ने सुना अमित शाह का भाषण

**हिसार।** भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला कार्यालय में हुई। बैठक में वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने की। बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सदन में एसआईआर पर दिया गया भाषण सुना गया। विधायक रणधीर पनिहार ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण की प्रशंसा करते हुए कहा कि एसआईआर पर हो-हल्ला मचा रहे विपक्षी दलों को यह भाषण अवश्य सुनना चाहिए। केवल आलोचना के लिए किसी चीज का विरोध नहीं करना चाहिए बल्कि ये देखना चाहिए कि एसआईआर में गलत क्या है। इस मौके पर पूर्व मंत्री अनूप धानक, मेयर प्रवीण पोपली, सरोज सिहाग आदि उपस्थित रहे।

### ज्योतिषाचार्य डॉ. बलजीत शास्त्री को मिला अवार्ड

**हिसार।** राजस्थान के सवाई माधोपुर में मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान के तत्वावधान मे अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महाधिवेशन एवं धर्म संसद का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हिसार से अंतरराष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य डॉ. बलजीत शास्त्री को वैदिक ज्योतिष व सनातन संस्कृति के देश-विदेश में प्रचार-प्रसार करने पर 'सनातन ज्योतिष गौरव अवार्ड-2025' से सम्मानित किया गया।

### भारत जानो प्रतियोगिता में आदर्श स्कूल द्वितीय

**आदमपुर।** भारत विकास परिषद, हरियाणा पश्चिम प्रांत द्वारा सिरसा में आयोजित छेत्रीय भारत को जानो प्रतियोगिता में आदर्श हाई स्कूल, आदमपुर की वरिष्ठ वर्ग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय, बल्कि भारत विकास परिषद शाखा आदमपुर एवं हरियाणा पश्चिम प्रांत का नाम पूरे क्षेत्र में गौरवान्वित हुआ है। इस अवसर पर भारत विकास परिषद, शाखा आदमपुर के अध्यक्ष एडवोकेट अनिल गोयल ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## मनरेगा को निरस्त करने के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

# गरीबों के अधिकारों को कुचल रही केंद्र सरकार : अरविंद शर्मा

कांग्रेस हमेशा गरीब, मजदूर और किसान के हक की लड़ाई लड़ती रहेगी



**फतेहाबाद।** मनरेगा को निरस्त करने के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेसी। *फोटो : हरिभूमि*


**फतेहाबाद।** फतेहाबाद। प्रदर्शन के बाद एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते वामपंथी नेता।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

केंद्र व राज्य सरकार द्वारा मनरेगा जैसी जनहितकारी योजना को कमजोर/निरस्त करने की साजिश के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी फतेहाबाद द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय से लेकर लाल बत्ती अंबेडकर चौक तक पैदल मार्च निकालकर सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान सरकार से मांग की गई कि मनरेगा को खत्म करने के बजाय और अधिक मजबूत किया जाए, ताकि गरीब, मजदूर, किसान और ग्रामीण परिवारों को रोजगार की गारंटी मिल सके। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीब, मजदूर और किसान के हक की लड़ाई लड़ती रहेगी और जनविरोधी फैसलों का डटकर विरोध करती रहेगी। प्रदर्शन में पूर्व चेयरमैन जयपाल लाली, मंगतराम लालवास, मा. सतबीर सिंह भूथन, कल्याण सिंह भादू, सजिन्द्र बैनीवाल भट्टू, रणधीर बोदीवाली, गुरजिन्द्र सिंह जोहल, देवराज हड़ौली, पवन भूथन, अंकित सिल्ला, बलजीत गोरखपुर, अंकित कम्बोज भूना, निरंजन शर्मा, राय साहब डूम, पूर्व सरपंच गुरसेवक, भूप सिंह सरपंच काजलहेड़ी, राम सिंह बरेटा, बलदेव सिंह राम गडिय़ा, हंसराज शहीदांवाली, श्याम सुंदर बंसल, साधुराम माचरा, दक्ष मैहता, रमेश डांगरा टोहाना, लवप्रीत हड़ौली, नवनीत गोदारा, कृष्णा पूनिया सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

### डीसी दफ्तर पर प्रदर्शन की जलाई कानून की प्रतियां

**फतेहाबाद।** भाजपा सरकार गरीबों के अधिकारों पर बुलडोजर चला रही है। इस बुलडोजर का मुकाबला करने के लिए व्यापक आंदोलन का निर्माण करना होगा। यह बात भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माक्र्सवादी के जिला सचिव जगतार सिंह ने वामपंथी पार्टियों के आह्वान पर मनरेगा बचाओ अभियान के तहत डीसी दफ्तर फतेहाबाद पर किए गए आक्रोश प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए कही। प्रदर्शन का संचालन रामकुमार बहबलपुरिया ने किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल लोगों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सब्जी मंडी में इक_ होकर कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त कार्यालय पर पहुंचे और मजदूर विरोधी नए कानून की प्रतियां जलाई गई। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम मनरेगा कानून बहाल करने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा कानून गरीबों के रोजगार के लिए एवं ग्रामीण विकास के लिए लाभदायक साबित हो सकती थी लेकिन भाजपा सरकार ने एक योजनाबद्ध षडयंत्र से इस कानून को ही खत्म करके अपने गगरीब विरोधी चरित्र को ही उजागर किया है। ये गरीबों के अधिकार पर सबसे बड़ा हमला है। इस हमले का मुकाबला करने के लिए पूरे देश भर में सडक़ों पर उतर कर प्रतिरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लाया गया कानून वीबी- जी राम जी अपने नाम से ही इसके असली इरादों को उजागर करता है। भाजपा द्वारा लोकसभा में पारित बिल भाजपा के खोखले वादों की पोल खोलता है तथा भारत में मुश्किल से हासिल किए गए काम के अधिकार 'मनरेगा' को खत्म करने की एक खतरनाक कोशिश छिपी हुई है।भाजपा सरकार के तानाशाही रवैये के खिलाफ लोग एकजुट है।

## धुंध में बचाव के लिए फील्ड रेडी पुलिसिंग का अभ्यास किया


**फतेहाबाद।** परेड के दौरान पुलिस कर्मचारियों से बातचीत करते एसपी।

- एसपी ने फील्ड में पहुंचकर किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

सोमवार सुबह घनी धुंध के बीच पुलिस लाइन फतेहाबाद में कर्मचारियों ने फील्ड-रेडी पुलिसिंग का अभ्यास किया। परेड ग्राउंड पर सटीक ड्रिल, एकरूप मार्च और स्पष्ट कमांड के साथ जवानों ने अपनी कार्यक्षमता का परिचय दिया। परेड का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस बल की शारीरिक फिटनेस, वर्दी-अनुशासन और टीमवर्क का बारीकी से मूल्यांकन किया तथा संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक जैन ने कहा कि आधुनिक पुलिसिंग में शारीरिक मजबूती के साथ-साथ मानसिक संतुलन और सकारात्मक दृष्टिकोण भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी हर परिस्थिति में संयम, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। परेड के पश्चात एसपी ने ईआरवी, पीसीआर और राइडर यूनिट्स की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी आपात स्थिति में प्रतिक्रिया समय न्यूनतम रखते हुए आमजन को त्वरित और प्रभावी सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने जवानों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को भी सुना और संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक संतुष्ट पुलिसकर्मी ही बेहतर सेवा दे सकता है। एसपी ने जवानों को नियमित व्यायाम, अनुशासित दिनचर्या और नशे से पूर्ण दूरी बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्थिर मन ही पुलिस बल की असली ताकत है। इस अवसर पर डीएसपी मुख्यालय कुलवंत सिंह भी मौजूद रहे।

# वर्मी कम्पोस्ट प्लांट लगाने के नाम पर ठगी

- जीरकपुर की कंपनी पर धोखाधड़ी का आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

खेत में वर्मी कम्पोस्ट प्लांट लगाने और फ्रेंचाइजी देने के नाम पर जिले के एक किसान से लाखों की ठगी होने का मामला सामने आया है। इस मामले में फतेहाबाद पुलिस ने जीरकपुर स्थित एमीगोस नेचर केयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, उसके निदेशक एसएएस नगर मोहाली के कुलबीर सिंह, पार्टनर बलविंदर सिंह और सरवजोत सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाणी चानचक, अयाल्की निवासी गगनदीप सिंह पुत्र सुखबीर सिंह ने बताया कि एमीगोस नेचर केयर प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी तथा उसके निदेशक कुलबीर सिंह पुत्र जसदेव सिंह निवासी एसएएस नगर मोहाली, उसके भाई बलविंदर सिंह व सरवजोत सिंह ने उसके साथ वर्मी कम्पोस्ट प्रोडक्शन व फ्रेंचाइजी के नाम पर मीठी-मीठी बातों व झूठे आश्वासनों के माध्यम से संपर्क किया। इन लोगों ने उसे विश्वास दिलाया कि कंपनी में निवेश करने पर वह उनके खेत में वर्मी कम्पोस्ट प्रोडक्शन का प्लांट लगाएंगे और उसके लिए पर्याप्त मशीनरी, बैड व शैड सब उपलब्ध करवाएंगे। यह लोग स्वयं को कंपनी के डायरेक्टर और पार्टनर बताते हुए उसके घर व खेत पर आए।

### आरोपियों के चेक बाउंस

गगनदीप सिंह ने बताया कि इनकी बातों पर विश्वास कर उसने चार अलग-अलग एग्रीमेंट्स 8 अगस्त 2024, 18 सितंबर 2024, 29 अक्टूबर 2024 और 25 नवंबर 2024 को किए और लाखों रुपए के फ्रेंचाइजी भुगतान कंपनी को किए। भुगतान चेक, यूपीआई और नगद रूप में किए जोकि विशेषकर कुलदीप सिंह को किया गया। गगनदीप का आरोप है कि शुरुआत में ये लोग भरोसा दिलाते रहे, लेकिन बाद में इन्होंने न तो कोई काम किया और न ही उसे कोई फायदा या सामग्री प्रदान की। इसके उलट, जब राशि वापस मांगनी चाही तो इन्होंने बहाने बनाने शुरू कर दिए। जगगनदीप ने बताया कि मजबूरी में जब उसने कड़े शब्दों में भुगतान मांगना शुरू किया तो इन लोगों ने अलग-अलग बैंकों के चेक दिए , जो बाउंस हो गए।

### नहीं दिया लीगल नोटिस का जवाब

गगनदीप सिंह ने बताया कि इसके बाद भी रुपए नहीं दिए तो तीन अलग-अलग लीगल नोटिस भिजवाए। मगर इन्होंने किसी भी नोटिस का जवाब नहीं दिया। इस तरह इन चारों लोगों ने उसके साथ जान बूझकर ठगी की है। इसके बाद उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दी। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रशासकीय सेवाओं के लिए एसपी ने उप-निरीक्षक राहुल को किया सम्मानित

- फतेहाबाद से हिसार रेंज में ट्रांसफर होने पर दी बधाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**


**फतेहाबाद।** रीडर राहुल को सम्मानित करते एसपी सिद्धांत जैन। *फोटो : हरिभूमि*

पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने अपने रीडर उप-निरीक्षक राहुल के स्थानांतरण के उपरांत उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और बेदाग कार्यकाल के लिए उन्हें विशेष तौर पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उप-निरीक्षक राहुल का तबादला फतेहाबाद से हिसार रेंज ऑफिस में होने पर उन्हें एक विदाई दी गई। सम्मान समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने राहुल की कार्यशैली की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद में नियुक्ति के दौरान राहुल ने न केवल एक सजग पुलिस अधिकारी के रूप में काम किया, बल्कि प्रवाचक की जिम्मेदारी को पूरी पारदर्शिता और तत्परता से निभाया। एसपी ने राहुल की तारीफ में कहा कि राहुल ने अपने कार्यकाल के दौरान हर कार्य को पूरी मेहनत और ईमानदारी से अंजाम दिया। फाइलों के प्रबंधन से लेकर पुलिस प्रशासन के महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा किा।

### भाजपा ने संयोजक और सह संयोजक किए नियुक्त

- वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम आयोजित होंगे

**फतेहाबाद।** बीजेपी के जिलाअध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली व प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी से विचार विमर्श एवं जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य के सलाहानुसार वीर बाल दिवस कार्यक्रम के आयोजन हेतू जिला स्तरीय समिति का गठन करते हुए जगजीत सिंह नडैल चेयरमैन को जिला संयोजक एवं जिला सचिव स. निर्मल सिंह व स. अमृतपाल खुम्बर को सह संयोजक नियुक्त किया है। इसी प्रकार 24 दिसम्बर को पंचकुला जिमखाना क्लब में आयोजित होने वाले मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प हेतू जिला स्तरीय समिति में जिला उपाध्यक्ष संजय रेवड़ी को जिला संयोजक तथा भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिट्टू गुर्जर व नवदीप नांगली को सह संयोजक नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि आगामी कार्यक्रमों के लिए नियुक्त किए गए संयोजक व सह सयोजक अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

# रेणु नारंग बनीं इंटरनेशनल इनर व्हील क्लब डिस्ट्रिक 309 की ऑडिटर

- महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जाएगा : नारंग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**


**फतेहाबाद।** इंटरनेशनल इनर व्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 309 की नई कार्यकारिणी।

इंटरनेशनल इनर व्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 309 के चुनाव सिरसा में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। चुनाव परिणामों में रेणु नारंग को डिस्ट्रिक्ट ऑडिटर पद के लिए सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। रेणु नारंग इनर व्हील क्लब पिंक सिटी की फाउंडर अध्यक्ष रही हैं। संगठन के प्रति उनके समर्पण और उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। डिस्ट्रिक्ट ऑडिटर चुने जाने पर रेणु नारंग ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करेंगी। उन्होंने कहा कि इनर व्हील क्लब सेवा, सहयोग और महिला सशक्तिकरण के मूल्यों पर कार्य करता है और वे अपने कार्यकाल में संगठन की वित्तीय प्रक्रियाओं को और अधिक मजबूत व पारदर्शी बनाने का प्रयास करेंगी।

### बुनियादी साक्षरता कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण शिविर शुरू

**हिसार।** आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अग्रोहा में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान कार्यक्रम के संदर्भ में तीन दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राम रतन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी अमनदीप प्राचार्य कृष्ण कुमार,जिला एफ एल एन समन्वयक प्रमोद कुमार एसपीआईयू सदस्य अर्पित लैंग्वेज एण्ड लर्निंग फाउंडेशन से ओमपाल डुमोलिया उपस्थित रहे। प्रशिक्षक प्रशिक्षण में हिसार सिरसा एवं फतेहाबाद जिलों से प्रतिभागियों ने सहभागिता की।


**सिरसा।** बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करें : प्रदीप

**सिरसा।** भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक हुई जिसमें पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा विगत कुछ महीनों में पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। भजपा नेता प्रदीप रातुसरिया ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका तय करने तथा आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं एवं उनके जमीनी प्रभावों की जानकारी दी तथा बताया कि किस प्रकार इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। भाजपा नेता रोहतास जांगड़ा ने सरकार द्वारा जनहित में किए गए कार्यों, विकास योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में एसआईआर पर दिए गए संबोधन का वीडियो सभी कार्यकर्ताओं ने सुना। जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने कहा कि जिला संगठन मजबूती के साथ पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

### साधु-संतों को सहस्त्र चंडी पाठ व महायज्ञ के लिए किया

**हिसार।**सहस्त्र चंडी पाठ व महायज्ञ के लिए हर वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। आमंत्रण की कड़ी में साधु-संतों को इस पुनीत कार्य में भागीदारी करने का आग्रह किया गया। पाबड़ा के प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में 19 से 27 जनवरी तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठान से लोगों को जोड़ने के लिए मां चण्डके देवी सेवा समिति विशेष रूप से प्रयत्नशील है। समिति के प्रधान जगदीश तायल, बलवंत सोनी व सुरेश मय्यड़ गांव खरड़-अलीपुर में स्थापित स्वामी दीप्तानंद अवधूत आश्रम में पहुंचे और यहां पर साधु-संतों को धार्मिक अनुष्ठान की विस्तृत जानकारी प्रदान करके उन्हें निमंत्रण-पत्र भेंट किया।

## एनकोर्ड कमेटी की बैठक में डीसी व एसपी ने दिए सख्त निर्देश

# नशे के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति : डॉ. भारती

*उपायुक्त का शिक्षा विभाग को निर्देश, कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि समाज को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए जागरूकता और सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि युवाओं व बच्चों के बीच नशा मुक्ति अभियान चलाकर उन्हें जागरूक किया जाए। डीसी ने पुलिस प्रशासन को आदेश दिए कि नशा बेचने वालों पर लगातार छापेमारी कर सख्त कार्रवाई की जाए और किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाए। नशीले पदार्थों के उपयोग की रोकथाम को लेकर यह निर्देश डीसी ने जिला स्तरीय एनकोर्ड कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।

#### सख्त कार्रवाई करेंगे

डीसी ने शिक्षा विभाग और खेल विभाग को आदेश दिए कि वे विद्यालयों व कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें और खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखने के प्रयास तेज करें। उन्होंने पुलिस प्रशासन को भी निर्देश दिए कि नशीले पदार्थ बेचने वालों पर लगातार छापेमारी की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो। औषधि विभाग को नियमित निरीक्षण करने के आदेश देते हुए डीसी ने कहा कि मेडिकल स्टोरों पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम का सख्ती से पालन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएँ और निरीक्षण के दौरान स्टॉक रिकॉर्ड की गहन जांच की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले केमिस्टों और फर्मों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। नशा मुक्ति के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले में वीडियो और अन्य प्रचार माध्यमों के जरिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा, ताकि युवा पीढ़ी को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ और सुरक्षित समाज का निर्माण किया जा सके।

#### जड़ से खत्म करेंगे

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बैठक में नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस की रणनीति को स्पष्ट करते हुए बताया कि जिले में हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान, नेटवर्क तोडऩे, खुफिया सूचनाओं को मजबूत करने और त्वरित कार्रवाई पर विशेष फोकस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशे की जड़ तक पहुंचने के लिए पुलिस हर स्तर पर सख्त और निरंतर कार्रवाई कर रही है। एसपी ने ड्रग इंस्पेक्टरों को निर्देश दिए कि मेडिकल दुकानों की जांच को और सघन किया जाए तथा अनियमितता मिलने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित हो। रेडक्रॉस सोसायटी को अधिक से अधिक नशा-पीड़ित युवाओं को उपचार, काउंसलिंग और केयर सपोर्ट से जोडऩे के निर्देश दिए गए। बैठक में जेल अधीक्षक रमेश कुमार, एसडीएम राजेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ. बुधराम, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढ़िलोड़, जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 'सफर-ए-शहादत प्ले' आयोजित

**हिसार।** हरियाणा सरकार तथा जिला प्रशासन के तत्वावधान में सोमवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस कॉलेज ऑडिटोरियम में साहिबजादों की शहादत को समर्पित लाइट एंड साउंड शो सफर-ए-शहादत का भव्य आयोजन किया गया। वीर बाल दिवस के उपलक्ष में आयोजित इस शो के माध्यम से त्याग, साहस और बलिदान की अमर गाथा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस लाइट एंड साउंड शो में श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह व साहिबजादा बाबा फतेह सिंह की अद्वितीय शहादत को एक अनूठे तरीके से श्रद्धांजलि दी गई।

## खबर संक्षेप

### रस्साकशी महिला वर्ग में हांसी का रहा दबदबा

**हिसार।** राज्य स्तरीय रस्साकसी प्रतियोगिता में हांसी की महिला वर्ग की टीम ने महिला वर्ग के मिक्स, सीनियर वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। महिला टीम ने कोच संदीप लोहान भैणी अमीरपुर व मैनेजर त्रिलोक शर्मा के नेतृत्व में भाग लिया। विद्युत नगर में 16 वीं हरियाणा राज्य स्तरीय रस्साकसी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में हरियाणा भर से लगभग 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें हांसी की महिला टीम ने सीनियर महिला वर्ग के फाइनल में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की टीम को हराते हुए गोल्ड मेडल जीता।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**बरवाला।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नहर कोठी बरवाला के विद्यार्थियों ने ट्विनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत होली होम पब्लिक स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व विद्यालय की हिंदी प्रवक्ता सुमन सलूजा ने किया। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को होली होम पब्लिक स्कूल की अध्यापिका हिना सेतिया ने शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षण पद्धतियों, अनुशासन व्यवस्था एवं सह-पाठ्यक्रम कार्यक्रमों को निकट से दिखाया और समझाया। दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच आपसी संवाद, परिचय एवं अनुभव सांझा करने का अवसर मिला।

### डीपीएस में राष्ट्रीय गणित दिवस उत्साह से मनाया

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस अत्यंत उत्साह, अनुशासन और रचनात्मक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के लिए गणित को रोचक, व्यवहारिक एवं आनंददायक बनाने के लिए विविध शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बस एक्टिविटी (मैथमेटिक्स तंबोला) से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने यात्रा के दौरान भी गणितीय अवधारणाओं को खेल-खेल में सीखा।

### बेसहारा पशुओं को पकड़ कर भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के निर्देशानुसार बेसहारा पशुओं को पकड़े जाने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा रहे। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि निगम की टीम ने सोमवार को जवाहर नगर, डिफेंस कॉलोनी, नवदीप कॉलोनी, आजाद नगर गली नं. 4, ओल्ड कोर्ट कॉम्पलैक्स क्षेत्र से 23 बेसहारा पशुओं को पकड़ाकर गौ-अभ्यारण भेजा गया।

### नगर निगम की टीम ने शहर से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के निर्देशानुसार नगर निगम की तहबाजारी टीम लगातार अतिक्रमण हटाने कार्य कर रही है। जेई राजकुमार ने बताया कि सोमवार को अतिक्रमण हटाने की शुरूआत बस स्टैण्ड, लोकल बस, तालाकी गेट से ऋषि नगर श्मशान घाट तक अतिक्रमण हटाकर की गई। इसके बाद टीम ने सिरसा रोड चुंगी, निरंकारी भवन रोड, तोशाम रोड, राजगढ़ रोड एचएयू गेट नं 4 से अतिक्रमण हटाया।

## गुरुकुल विद्यापीठ में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान महोत्सव का आयोजन

# स्वामी श्रद्धानन्द शुद्धि आन्दोलन के थे प्रणेता : आचार्य विजयपाल

गुरुकुल में स्वामी श्रद्धानन्द छात्रावास के भवन का किया शिलान्यास





**हिसार।** रोमांचित करबतों का प्रदर्शन करते गुरुकुल के विद्यार्थी व अतिथियों को स्मृति चिन्ह देते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

आर्ष महाविद्यालय गुरुकुल झज्जर के संचालक एवं आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के पूर्व प्रधान आचार्य विजयपाल ने कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द शुद्धि आन्दोलन के प्रणेता और गुरुकुल परम्परा को पुनर्जीवित करने वाले बहुत बड़े महापुरुष थे। वे 20वीं सदी के एक चमत्कारी एवं प्रेरक व्यक्तित्व थे। आचार्य विजयपाल गुरुकुल विद्यापीठ कुम्भाखेड़ा में आयोजित स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान महोत्सव के प्रथम दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द बहुत बड़े शिक्षाविद तथा स्वतन्त्रता सेनानी रहे हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन स्वाधीनता, स्वराज्य, शिक्षा और वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित कर दिया। इस अवसर पर गुरुकुल में स्वामी श्रद्धानन्द छात्रावास के भवन का शिलान्यास भी किया गया। इस अवसर पर गुरुकुल कुम्भाखेड़ा के संचालक आचार्य आत्मप्रकाश, सचिव सुरेन्द्र पूनिया, मनीष आर्य, आचार्य सत्यवीर प्रेरक, बलिदान स्मारक गुलकनी के संचालक स्वामी दिव्यानन्द, डॉ संजय कुम्भाखेड़ा, मा. हरिकेश कापड़ो, अजीत कुमार आर्य, रमेश आर्य कुरुक्षेत्र सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### गुरुकुल युवाओं के निर्माण का कारखाना : जांगड़ा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा संसद के अधिवेशन के चलते कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए लेकिन उन्होंने अपने ऑडियो संदेश में कहा कि गुरुकुल युवाओं के निर्माण का कारखाना है। इनके माध्यम से युवाओं का चारित्रिक एवं आत्मिक विकास होता है। उन्होंने गुरुकुल कुम्भाखेड़ा को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि तथा उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री के प्रतिनिधि के रूप में महोत्सव में आए कपिल अत्री ने भी कहा कि विधायक देवेंद्र अत्री ने गुरुकुल को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। गुरुकुल विश्वभारती लाढ़ौत के निदेशक एवं सार्वदेशिक आर्य वीर दल के प्रधान संचालक आचार्य नन्दकिशोर आर्य ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ने दलितोद्धार और अछूतोद्धार का सराहनीय कार्य किया।

### छात्रों ने रोमांचित कर देने वाले व्यायाम का किया प्रदर्शन

इस अवसर पर गुरुकुल के विद्यार्थियों के द्वारा भव्य एवं रोमांचित कर देने वाला व्यायाम का प्रदर्शन भी किया गया। आर्य जगत के सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक पं. योगेश्वर मुनि एवं सुनील दत्त शास्त्री ने भी अपने सुमधुर एवं ओजस्वी भजनों के माध्यम से स्वामी श्रद्धानन्द जी के जीवन एवं कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतिम दिन मंगलवार को हिसार मंडल आयुक्त रविप्रकाश गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे।

## एंडोडॉन्टिक दर्द प्रबंधन पर हुआ सेमिनार का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर के एक निजी रेस्टोरेंट में इंडियन डेंटल एसोसिएशन की हिसार शाखा ने 'एंडोडॉन्टिक दर्द प्रबंधन' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया जिसमें हिसार व आसपास के क्षेत्र के अनेक दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दीपक नागपाल द्वारा की गई। डॉ. नागपाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. राकेश सिंगला ने 'एंडोडॉन्टिक दर्द प्रबंधन' विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि आरसीटी रूट केनाल ट्रीटमेंट एक दंत प्रक्रिया है जिसमें दांत के अंदर की सड़ी हुई या संक्रमित पल्प, नसें और रक्त वाहिकाओं को निकालकर केनाल को साफ और किटाणु रहित किया जाता है फिर उसे भरकर सील कर दिया जाता है, ताकि दांत को बचाया जा सके और दर्द से राहत मिल सके। इस प्रक्रिया को एंडोडॉन्टिक उपचार कहते हैं। डॉ. राकेश सिंगला ने दर्द प्रबंधन को लेकर घर पर देखभाल और घरेलू उपाय बताते हुए कहा कि ठंडी सिकाई, सूजन और दर्द करने में फायदेमंद रहती है। प्रभावित जगह पर लौंग का तेल लगाने से भी आराम मिलता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दीपक नागपाल, सचिव डॉ. सचिन मित्तल, प्रेजिडेंट इलेक्ट डॉ. अर्चना, उपप्रधान डॉ. मनीष चांदना आदि रहे।

### सातरोड खुर्द में जुआ खेलते 13 गिरफ्तार

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने गांव सातरोड खुर्द स्थित खेत में बने मकान पर छापेमारी कर जुआ खेलते 13 व्यक्तियों को काबू किया। पुलिस टीम ने मौके से 6 लाख 50 हजार रुपये नकद व ताश के पत्ते बरामद किए गए। उप निरीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि गांव सातरोड खुर्द स्थित खेत में बने एक मकान में 13 व्यक्ति जुआ खेल रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर छापा मारा और 13 व्यक्तियों को काबू किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान सातरोड खुर्द निवासी गौरव उर्फ मोनू, रामपुरा बैरी निवासी नरेश, सलेमगढ़ निवासी कर्मवीर, सेक्टर 15 निवासी ईश्वर, जाखोद खेड़ा निवासी देवेंद्र, किरमारा निवासी राजेश, इस्माइला रोहतक निवासी संदीप, रामपुरा बैरी राजस्थान निवासी धर्म सिंह, महम रोहतक निवासी संदीप, किरमारा निवासी दिनेश, नहला फतेहाबाद निवासी राजबीर, रामराय जींद निवासी रवींद्र और रावलधी चरखी दादरी निवासी अमित के रूप में हुई।

## समारोह में मिर्चपुर के कुश्ती पहलवान का ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

- पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने खिलाड़ी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



**नारनौंद।** गांव मिर्चपुर में विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक।

गांव मिर्चपुर में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए सर्वजातीय गणतांत्रिक परिवार बाराहा खाप की तरफ से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर कुश्ती खिलाड़ी प्रमोद ढांडा को गोल्ड मेडल जीतने पर सम्मानित किया। मिर्चपुर निवासी प्रमोद ढांडा ने बताया कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी का आयोजन राजस्थान के भरतपुर शहर में हुआ था। 67 किलोग्राम भार वर्ग में ग्रीको रोमन कुश्ती प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में राजस्थान के खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। खिलाड़ी प्रमोद रोहतक की एमडी यूनिवर्सिटी का छात्र हैं। पढ़ाई के साथ-साथ लगातार पिछले 15 सालों से कुश्ती की खेल की प्रैक्टिस कर रहा हैं। खिलाड़ी का सपना है कि वह एक दिन ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करें। खिलाड़ियों के साथ उनके कोच सोनू ढाका, मोहित और अनिल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## ग्लोबल स्पेस में समस्याओं का नहीं हो रहा समाधान

- बिल्डर पर ग्लोबल स्पेस की समस्याओं के समाधान में रुचि नहीं लेने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** समस्याओं को लेकर बैठक करते ग्लोबल स्पेश के निवासी।

ग्लोबल स्पेस सेक्टर-24 में सर्दियों के मौसम में पानी की भारी किल्लत, टूटी हुई सड़कें व गलियां, कुत्तों का आतंक व मेंटनेंस की बुरी दशा के बावजूद कॉलोनी की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कॉलोनी की इन समस्याओं को लेकर बिल्डर द्वारा कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है। इसे देखते हुए रेजिडेंट वेल्फेयर सोसायटी की एडवाइजरी कमेटी के बैनर तले कॉलोनीवासियों ने प्रधान जयभगवान बडाला की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक का संचालन सोसायटी सचिव नरेश सैनी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बिल्डर की कथित मनमानियों का विरोध करने के लिए कॉलोनीवासी 25 दिसंबर को दोपहर 12 बजे कॉलोनी के शॉपिंग काम्पलेक्स के गेट नंबर 1 तक बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर एडवायजरी कमेटी के सदस्य होशियार सिंह गिल, सुरेन्द्र सिवाच, रविन्द्र शर्मा, योगेश वर्मा, मदन लाल चौहान, धनपत सिंह, अनिल श्योरान, प्रमोद वधवा, सुरेन्द्र पान्नु आदि रहे।

### कॉलोनी वासियों को हो रही परेशानी

प्रधान बडाला ने बताया कि कॉलोनी में मेंटेनेंस व सुरक्षा के नाम पर बिल्डर द्वारा हर महीने लाखों रुपये की उगाही की जाती है, इसके बावजूद कॉलोनी की हालत बद से बदतर है। कॉलोनी के थ्री टियर सुरक्षा देने के दावे खोखले हैं और लोगों को बरगलाया जा रहा है। पिछले दिनों ग्लोबल स्पेस में एक मकान में लाखों रुपये की चोरी की घटना बिल्डर के दावों की पोल खोलती है। नेशनल हाइवे 9 पर अपने व्यावसायिक फायदे के लिए गेट तो बना दिया गया लेकिन हाइवे के साथ सर्विस रोड न होने के कारण कॉलोनी वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### बनेगा सुरक्षित डेटा सिस्टम

#### जनभावनाओं का सम्मान कर सीएम ने बनाया हांसी जिला : श्रीनिवास

**उकलाना।** हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास गोयल ने हांसी को जिला बनाए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए यह ऐतिहासिक फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि जिन गांवों को हांसी जिले में शामिल किया गया है, वहां के ग्रामवासियों से सहमति लेकर ही जिला पुनर्गठन किया गया, जो प्रदेश सरकार की संवेदनशील और जनहितकारी नीति को दर्शाता है। श्रीनिवास गोयल ने कहा कि उकलाना क्षेत्र के लोगों ने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखी, जिसका सम्मान मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। यह सरकार की पारदर्शी कार्यशैली और जनता के प्रति जवाबदेही को प्रमाणित करता है। उधर, मार्केट कमेटी के उपाध्यक्ष आनंद जैन राममिलन शर्मा रामफल नैन रविंद्र जांगड़ा आदि ने भी मुख्यमंत्री का आभार जताया।

## भविष्य की प्रतिभाओं को नई पहचान दिला रहा ऑवर्स टैलेंट सर्च एग्जाम : सुरेन्द्र पूनिया

- पूरे प्रदेश से 400 से अधिक विद्यार्थियों ने दिया एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** ऑवर्स टैलेंट सर्च एग्जाम के अवसर पर उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

ऑवर्स एकेडमी द्वारा आयोजित ऑवर्स टैलेंट सर्च एग्जाम के दूसरे चरण में भी हरियाणा के विभिन्न जिलों से भारी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। परीक्षा में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्रों ने प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन करते हुए अपनी क्षमता दिखलाई।

ऑवर्स एकेडमी के डायरेक्टर सुरेन्द्र पूनियां ने बताया कि दूसरे चरण में भी जिस स्तर पर सहयोग और भागीदारी मिली है, वह इस बात का प्रमाण है कि अभिभावक और विद्यार्थी शिक्षा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति गंभीर व जागरूक हैं। उन्होंने कहा कि इस एग्जाम का तीसरा चरण आने वाली 8 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। जो विद्यार्थी किसी कारणवश पहले दो चरणों में शामिल नहीं हो सके, वे इस तीसरे चरण में भाग लेकर अपने करियर को नई दिशा दे सकते हैं। संस्था की अपील है कि सभी माता-पिता और विद्यार्थी इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाएं और समय पर अपना पंजीकरण अवश्य करवाएं।

### एम्स में हुई अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में गुजवि की शिक्षिका डॉ. कालिंदी देव को मिला सम्मान



**हिसार।** डा. कालिंदी देव को सम्मानित करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग की शिक्षिका डॉ. कालिंदी देव को फिजियोथेरेपी विषय पर ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसिज, नई दिल्ली (एम्स) में हुई 11वीं अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में एप्रिशिएशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. कालिंदी देव को यह सम्मान फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में दिए गए उनके योगदान के लिए दिया गया। डॉ. कालिंदी देव ने इस कांफ्रेंस में एक सत्र की अध्यक्षता भी की तथा उन्हें साइंटिफिक स्पीकर के अवार्ड से भी नवाजा गया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने डॉ. कालिंदी देव को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। विभाग की डीन प्रो. सुमित्रा सिंह ने भी डा. कालिंदी देव को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। वर्तमान में डा. कालिंदी देव फिजियोथेरेपी से जुड़े विषयों पर चार शोधार्थियों को शोध करवा रहीं हैं।

## सिरसा के आशीष मेहता को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित करेगा एचएयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



आशीष मेहता

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 23 दिसम्बर को किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान सिरसा के गांव सुकेरा खेड़ा के आशीष मेहता को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। आशीष मेहता, एक प्रगतिशील, नवाचारी एवं तकनीक-समर्थ कृषक हैं। वे धान, गेहूं, कपास, गन्ना, दलहन-तिलहन, सब्ज़ी एवं फल फसलों की विविध खेती के साथ जैविक कृषि को सफलतापूर्वक अपनाए हुए हैं। फसल अवशेष प्रबंधन के लिए हैप्पी सीडर का उपयोग कर उन्होंने पराली जलाने की समस्या का पर्यावरण-अनुकूल समाधान प्रस्तुत किया है, जिससे मृदा स्वास्थ्य एवं उत्पादकता में सुधार हुआ है। आशीष मेहता गुड एग्रीकल्चरल प्रैक्टीसिज़, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन तथा एकीकृत कीट प्रबंधन तकनीकों का नियमित प्रयोग करते हैं।

### विश्व ध्यान दिवस पर सत्र का आयोजन

**हांसी।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग की सीनियर फैकल्टी श्वेता जैन द्वारा हांसी में तीन विशेष ध्यान सत्रों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन सत्रों का उद्देश्य लोगों को ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना रहा। पहला ध्यान सत्र प्रातः 6 बजे आर्य समाज मंदिर में हुआ जहां प्रतिदिन अशोक नित्ययोगी के सान्निध्य में योग कक्षा का सुचारू रूप से आयोजन होता है। दूसरा सत्र हुडा सेक्टर-6 में हुआ। तीसरा ध्यान सत्र बैंक कालोनी में आयोजित किया गया, जिससे आस-पास के लोगों ने सामूहिक ध्यान में भाग लेकर तनावमुक्त एवं आनंदमय वातावरण का अनुभव किया।

### विधानसभा में उठाया महाबीर स्टेडियम की खस्ता हालत का मुद्दा

## हिसार का विकास ही मेरी प्राथमिकता : सावित्री जिन्दल

खिलाड़ियों को अभ्यास करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** जलभराव के कारण महाबीर स्टेडियम में खस्ता हालत।

विधायक सावित्री जिन्दल ने विधानसभा के शीलकालीन सत्र में महाबीर स्टेडियम की खस्ता हालत का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि हिसार के महाबीर स्टेडियत की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है। बरसात के दिनों में पूरा मैदान एवं परिसर जलमग्न हो जाता है, जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण खेल गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। इस विषय पर खेल मंत्री ने आश्वासन दिया कि जैसे ही इस कार्य के लिए 21 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त होगी, निर्माण एवं सुधार कार्य शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने हिसार में विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। विधायक जिंदल ने कहा कि हिसार का विकास ही मेरी प्राथमिकता है। सावित्री जिंदल ने हिसार की मूलभूत समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि हिसार में पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई है। हिसार में हर वर्ष ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल का गंभीर संकट उत्पन्न हो जाता है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नए वाटर वर्क्स का निर्माण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सेक्टर-33 में प्रस्तावित वाटर वर्क्स का निर्माण तथा सेक्टर-33 में प्रस्तावित पावर हाउस का निर्माण कार्य भी जल्द से जल्द पूरा कराने का मुद्दा भी उठाया।



सावित्री जिंदल